सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत




श्रीकृष्णा भवन (गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com
वर्ष 16 अंक 41 विक्रम संवत 2081 अश्विन शुल्क चतुर्थी से शुल्क दशमी 07 अक्टुबर सोमवार से 13 अक्टुबर रविवार 2024 तक पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

**शासन-प्रशासन जानकारियां**

## व्यक्ति को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता–धर्मपाल सिंह

**मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, उ0प्र0 प्रभारी मंत्री श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा विकास भवन सभागार में स्वच्छता पखवाडा एवं विकास कार्यों के संबंध में बैठक आहूत की गयी।**

बैठक में मा० मंत्री जी ने समस्त अधिकारियो को सितम्बर से अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाडा में सार्वजनिक जनसहभागिता को सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मा० प्रधानमंत्री जी ने मेक इन इंडिया में पांच बाते बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, बेहतर सुरक्षा, साफ गांव साफ शहर तथा अविरल नदियां निर्मल नदियां कही है इन्हीं बातो पर स्वच्छता अभियान केन्द्रित किया जाये। पार्क, अस्पताल, स्कूल, मलिन बस्तियां, कचहरी, थाना व अन्य सभी सरकारी कार्यालय में संबंधित अधिकारी विशेष रूचि लेकर कार्य को करें। इस अवसर पर उन्होने स्वच्छता की शपथ दिलाई। मा० मंत्री जी ने अधिकारियो से अपने–अपने विभाग में किये गये नवाचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओ में है। उन्होने संबंधित अधिकारी को जल शक्ति मिशन के अंतर्गत सभी घरो को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने देशी गायो की नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गृर्भाधान कराने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होने बीएसए को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चे हमारी धरोहर है उनका तन व मन स्वच्छ हो इसके लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाये। मा० प्रधानमंत्री जी की इच्छा है कि गरीब बच्चो को भी कान्वेन्ट जैसी शिक्षा प्राप्त हो। उन्होने पीडब्लूडी के अधिकारी को सभी सडको की मरम्मत कराने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत सभी अस्पतालो की साफ–सफाई तथा मरीजो को फल वितरण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा स्वच्छता पखवाडे को लेकर की जाने वाली गतिविधियो के बारे में मा० मंत्री जी को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होने स्वच्छता को लेकर किये गये कार्या के बारे में भी बताया। उन्होने कहा कि जनपद के ऐसे गांव जिनमें अधिक गंदगी है उनको चिन्हित कर लिया गया है, जनपद के साथ–साथ उनमें भी विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छकारो को शिविर लगाकर सरकार की योजनाओ से आच्छादित किया जायेगा। उन्होने बताया कि संबंधित अधिकारियो को स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत रोस्टर बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

मा० मंत्री जी ने जाकिर कालोनी पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया तथा पीडित परिजनो से वार्ता कर संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होने कहा कि सरकार पीडित परिजनो के साथ खडी है और हरसंभव जो भी मदद हो सकती है, की जायेगी। उन्होने तत्काल संबंधित अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा जो भी अनुमन्य आर्थिक सहायता राशि दी जानी है जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुये प्रदान की जाये। तदोपरांत मा० मंत्री जी ने अस्पताल पहुंचकर मकान दुर्घटना में घायल हुये मरीज का हाल जाना व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होने मेडिकल टीम से जानकारी प्राप्त करते हुये बेहतर उपचार दिये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर हरिकांत आहलुवालिया, मा० विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, डीएफओ राजेश कुमार, सीडीओ नूपुर गोयल, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सीएमओ डा० अशोक कटारिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा० राजेन्द्र कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

– श्रम शिखर ब्यूरो

## नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत डी.पी.टी./टी.डी. आधारित स्कूल कैम्पेन का शुभारम्भ

नगरीय प्रा०स्वा० केन्द्र, रजबन, मेरठ के अन्तर्गत सेन्ट जोजफ इन्टर कालिज मेरठ में माननीय श्री अमित अग्रवाल जी, विधायक, विधान सभा क्षेत्र मेरठ कैण्ट द्वारा किया गया। डी०पी०टी०/ टी०डी० आधारित स्कूल कैम्पेन दिनाकं 7 अक्टूबर 2024 को जनपद के सभी स्कूलों में चलाया जाना है। अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चो को सभी स्कूलों में डी०पी०टी०–2 बूस्टर (कक्षा–1, 5 वर्ष आयु के बच्चे), टी०डी०–10 (कक्षा–5, 10 वर्ष आयु के बच्चे) एवं टी०डी०–16 (कक्षा–10,16 वर्ष आयु के बच्चे को डी०पी०टी० एवं डी०टी० से प्रतिरक्षित किया जायेगा। शिक्षा विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से भी अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। उद्घाटन के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ ढा० अशोक कटारिया, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी मेरठ डा० प्रवीण गौतम, उपजिला प्रतिरक्षण अधिकारी, मेरठ डा० रजत कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रजबन, डा० मेघना श्रीवास्तव, सेन्ट जोजफ इन्टर कालिज के प्रधानाचार्य श्री जितेन्द्र कुमार तथा पाटनर्स उपस्थित थे – श्रम शिखर ब्यूरो










# जीवन में ऐसे जीना, जैसे एक दर्शक

जीवन के बड़े पद पर एक कहानी चल रही है और हम देख रहे हैं। एक दिन भर के लिए प्रयोग करके देखना और जिंदगी दूसरी हो जायेगी। एक दिन तय कर लें कि सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक इस तरह जीयेंगे, जैसे एक दर्शक। और जिंदगी को ऐसा देखेंगे, जैसे कहानी एक पद पर चलती हो। और पहले ही दिन जिंदगी में कुछ नया होना शुरू हो जायेगा। आज ही करके देखें, एक छोटा-सा प्रयोग करके देखें कि जिंदगी को ऐसे देखेंगे, जैसे एक दर्शक। एक बड़े पद पर कहानी चलती हो और हम हों सिर्फ दर्शक। सिर्फ एक दिन के लिए प्रयोग करके देखें। और उस प्रयोग के बाद आप दुबारा वही आदमी कभी नहीं हो सकेंगे, जो आप थे। उस प्रयोग के बाद आप आदमी ही दूसरे हो जायेंगे।

साक्षी होने का छोटा-सा प्रयोग करके देखें। देखें आज घर जाकर और जब पत्नी गाली देने लगे या पति गर्दन दबाने लगे, तब इस तरह देखें, जैसे कोई साक्षी देख रहा है। और जब रास्ते पर चलते हुए लोग दिखाई पड़े, दुकानें चलती हुई दिखाई पड़ें, दफ्तर की दुनिया होय तब ख़याल रखें, जैसे किसी नाटक में प्रवेश कर गये हों और चारों तरफ एक नाटक चल रहा हो। एक दिन भर इसका स्मरण रखकर देखें और आप कल दूसरे आदमी हो जायेंगे। दिन तो बहुत बड़ा है, एक घंटे भी कोई आदमी साक्षी होने का प्रयोग करके देखे, उसकी जिंदगी में एक मोड़ आ जायेगा, एक टघनग आ जायेगी। वह आदमी फिर वही कभी नहीं हो सकेगा, जो एक घंटे पहले था। क्योंकि एक घंटे में जो उसे दिखाई पड़ेगा, वह हैरान कर देने वाला हो जायेगा। और उस एक घंटे में उसके भीतर, जो परिवर्तन होगा, जो ट्रांसफार्मेशन होगा, उससे कीमिया ही बदल जायेगी। वह उसके भीतर चेतना के नये बिंदुओं को जन्म दे देगी। एक घंटे के लिए ऐसे देखें।

अगर पत्नी गालियां दे रही हो, अगर मालिक गालियां दे रहा हो, तो ऐसे देखें, जैसे आप सिर्फ एक नाटक देख रहे हों। फिर देखें कि क्या होता है? सिवाय हंसने के और कुछ भी नहीं होगा। भीतर एक हंसी फैल जायेगी और चित्त एकदम हल्का हो जायेगा। कल यही गाली बहुत भारी पड़ गयी होती, छाती पर पत्थर बनकर बैठ गयी होती। इस गाली ने भीतर जहर पैदा कर दिया होता। इस गाली ने भीतर प्राणों को मथ डाला होता। इस गाली ने भीतर जाकर जीवन में एक संकट, एक अशांति पैदा कर दी होती। जिंदगी एक प्रतिक्रिया बन जाती, एक रिएक्शन बन जाती। जिंदगी एक तूफान और एक आंधी हो जाती।

वही गाली आज आयेगी और इधर भीतर अगर साक्षी है तो गाली ऐसे ही बुझ जायेगी, जैसे अंगारा पानी में पड़कर बुझ जाये, राख हो जाये। और आप देखते रह जायेंगे। और तब हैरानी होगी कि यही गाली कल पीड़ित करती थी, और आज क्या हो गया है? यही बात कल बहुत कष्ट देती थी और आज, आज क्या हो गया! आज आप बदल गये है।

दुनिया वही है, दुनिया हमेशा वही है, सिर्फ आदमी बदल जाते हैं। और जब आदमी बदल जाता है तो दुनिया बदल जाती है। – ओशो

# इस तरह की दवाइयां दुनिया के किसी भी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं

भविष्य में भी नहीं मिलेगी, अगर आप इन दवाओं को ध्यान से पढ़ें और समझें और इन्हें अपने जीवन में लागू करें,तो आपको जीवन भर कोई गोली लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

1. जल्दी सोना और जल्दी उठना दवा है।
2. Omkar jap दवा है।
3. योग प्राणायाम और व्यायाम दवा है।
4. सुबह-शाम टहलना भी दवा है।
5. उपवास सभी बीमारियों की दवा है।
6. सूर्य का प्रकाश भी दवा है।
7. ताली बजाना भी दवा है।
8. खूब चबाना भी दवा है।
9. भोजन की तरह चबाकर पानी पीना भी दवा है।
10. After meal वज्रासन में बैठना दवा है।
11. खुश रहने का निर्णय भी दवा है।
12. कभी-कभी मौन भी दवा है।
13 हंसी-मजाक दवा है।
14. संतोष भी दवा है।
15. मन और शरीर की शांति दवा है।
16. मन में सकारात्मकता दवा है।
17. निस्वार्थ प्रेम, भावना भी दवा है।
18. सबका भला करना भी दवा है।
19. ऐसा कुछ करना जिससे किसी की दुआ मिले, वह दवा है।
20. सबके साथ मिलजुल कर रहना दवा है।
21. परिवार के साथ खाना-पीना और घुलना-मिलना भी दवा है।
22. आपका हर सच्चा और अच्छा दोस्त भी बिना पैसे के पूरा मेडिकल स्टोर है।
23. मस्त रहें, व्यस्त रहें, स्वस्थ रहें और खुशमिजाज रहें, यह भी दवा है।
24. हर नए दिन का भरपूर आनंद लेना भी दवा है।
25. और अंत में. किसी को प्रसादी के रूप में यह संदेश भेजकर अच्छा काम करने का सुख भी दवा है।

इस प्रकृति की "महानता" को समझना भी एक औषधि है। ये सभी औषधियाँ बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध हैं और इन सबको कैसे और कहाँ से प्राप्त किया जाए, यह सोचने के बाद उन पर अमल करना भी एक औषधि के समान है

**- Dr Dinesh Bhardwaj**
**Active ayu Life**
**Vikash Puri**


## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा
## (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योंकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं
(कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

# छोटा सा प्यारा अशियाना हमारा

छोटा-सा अशियाना अपना लगता है, मुझको कितना प्यारा और न्यारा,
देख-देख उसको पल-पल होती है, खुश मैं कितनी, बड़े परिश्रम
श्रम बिन्दुओं से हमने था बनाया ।।
लगन, त्याग और परिश्रम से खडा किया है, उसको सोचा था हमारी संतान बोयेगी
उसको, किन्तु विदेशी सोच ले डूबी सबकुछ हमारी।।
सजाया था उसको, बडी खुशियों के साथ हमने, खुशियां बिखर गयी,
रह गयी सोच बस हमारी बच्चे बस जायेगें, बड़े-बड़े महलों में,
लेगें आनन्द विदेशी सोच व आनन्द में, बड़े कष्ट झेले और पाला था बच्चों को
अपनें कष्टों की न की परवाह हमने जीवन में, बस-लगे रहे छोटे से अशियाने
को बनाने में, हमारी सुन्दर सोच ले गयी सभ्यता विदेशी।।
हमारी आंखे हुअी बन्द चला जायेगा, ढह जायेगी इसकी सुन्दर इमारतें।
न जाने कौन सुख भोगेगा, इस अशियानो का फिर बिक जायेगा चन्द ऐशाराम।।
हर माता-पिता बनाते है। अशियाना बच्चों के लियें वृद्धां की सोच, सस्कृति धरी
रह जाती है पलों में अपना कर्तच्य मनाते-मनाते हो जाते है। अलविदा इस जहां
से, किन्तु- हमारा अशियाना रह जाता है। चादों में बस- इस प्यार से अशियाने
को देख-देख कर बित जाते है, अपनी जिन्दगी के।।

# अरमानों के रंग .... अनेक



अरमान होते है हर दिल में, चाहे हो लड़का या लड़की,
किन्तु नही होते है अरमान पूरे हर किसी के,
अरमानों को सजोय हुये करते है जीवन के स्वयं पूरे।
हो गये जिनके पूरे अरमान है, खुश और आनन्दित,
किन्तु नही होते अरमान पूरे रहते है, निराश
चिन्तित, और अटकते है, जीवन में पूरे अपने।
इनमें से होते है। कुछ दुभाग्य वाले जो देखते है,
पर नही होते अरमान उनके पूरे, सारा जीवन काट,
देते है। ऐसे ही, भटकते-भटकते ।
उनमे में ही है एक मेरा जीवन भी, छोड़ बाबूल का आँगना,
आई पिया घर बड़े-बड़े सपने सजाये किन्तु
कैसे करूँ पूरे, महौल मिला रूखा और गिरा हुआ ।
बन्द पिंजरें में पक्षी की तरह बैचेन घूमते हुये बिताने लगी दिन अपने,
आया एक दिन हमदर्द मेरा, खोल दिया पिंजरा उसने बस हो गयी,
पक्षी की तरह स्वतंत्र जुट गयी अरमानों को पूरा करने में।
श्री सच्चिदानन्द साथी की कृपा हुयी मुझ पर,,
दिया वरदान में उपहार एक सुन्दर बस-उसी का,
उसी के सहारे शक्ति और धैर्य मिला मुझको,, आयी शक्ति और उत्साह मुझमें।।
सोचा था बीत गया भूल जा, उसे वर्तमान में जीना सीखा और रोज,
अरमानो कर अपने पूरे, आज उन्ही के आशीर्वाद से बड़े विचारों,
को लेकर बड़ी, अब अपने विचारों को दिया सुन्दर रूप और,
रचना व लेख लिखने लगी ------------------ ऊषा महेन्द्रा
अवकाश प्राप्त शिक्षिका

## चुटकुले भी इशारा है



80 साल की एक बुजुर्ग महिला ने कोर्ट मे तलाक के लिए अर्जी लगाई
जज ने बुजुर्ग महिला से पूछा- इस उम्र मे तलाक क्यों लेना चाहती हैं आप?
महिला- जज साहब, मेरे पति मुझ पर मानसिक अत्याचार कर रहे हैं
जज- वो कैसे?
महिला- इनकी जब मर्जी होती है, मुझे खरी-खोटी सुना देते हैं
और जब मैं बोलना शुरू करती हूं तो अपने कान की मशीन निकाल देते हैं

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों
के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# मेरठ कचहरी परिसर का पुराना प्रशासनिक भवन के स्थान पर तीन मंजिला कार्यालय कॉम्पलेक्स बनने का कार्य शुरू

**मंजिल बढाकर पार्किंग सुविधा बढाने की मांग**

*मेरठ स्थित कचहरी परिसर में स्थित मेरठ जिला प्रशासन एंव जिला प्रशासनिक न्यायलय की अंग्रेजी साम्राज्य के समय का भवन तोड़कर नया भवन बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। करीब २३ करोड़ की लागत से २ वर्ष में तीन मंजिला यह नया कार्यालय कॉम्पलेक्स स्वरूप में होगा*

*इस पुराने भवन में जर्जर हालत हो गई थी अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय व चतुर्थ तथा संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला अभियोजन अधिकारी, सीआरसी जिला निबन्धक उपसंचालक चकबंदी, उपनियन्त्रक चकबंदी नागरिक सुरक्षा व चकबन्दी व सहायक महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय चलते है। जिन्हें शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।*

*इस भवन से निर्माण के लिए २ करोड़ ७५ लाख की पहली किस्त शासन से अवयुक्त हो गई है। बताया गया है। कि इस तीन मंजिल भवन में पार्किंग की व्यवस्था भी रखी गई है।*

*बेहतर हो....*

*इस स्थान पर अन्दर ग्रांउड व ग्राउड फ्लोर को कम से कम पार्किंग के लिए रखा जाएगा। इसके साथ ही इस भवन को चार मंजिल में परिवर्तित कर अधिकारिक विभागों व अदालती कार्य हेतू उपलब्धता बनाई जाये।*

*मल्टी स्टोरी पार्किंग व अधिवक्ता चैम्बर को कचहरी कम्पाउण्ड में ही........*

*मेरठ कचहरी के चारो ओर अधिवक्ताओं व अदालतो व प्रशासनिक दफ्तरों में आने वाले नागरिकों के बढ़ते वाहन पार्किंग के दबाव को कम करने की जरूरत है। बेहतर प्लानिंग से अदालती व प्रशासनिक क्षेत्र को विभाजित करते हुए भवन व अधिवक्ता के बहुमंजिले चैम्बर काम्पलेक्स तथा कचहरी में ही एक से अधिक मल्टी स्टोरी अण्डर ग्राउण्ड युक्त पार्किंग की व्यवस्था की जाये तो इस कचहरी परिसर के बाहरी वाहन पार्किंग दबाव को कम किया जा सकता है। मेरठ कॉलिज जिसमें करीब 5 हजार छात्र पढते है। तथा उसके सामने लाखों रूपया खर्च कर पार्क है। कि आस- पास जिस तरह पार्किंग व स्ट्रीट वेंडर का दबाव बन रहा है। इस पार्क के औचित्य व कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था के लिए कानून व्यवस्था हेतू चुनौती भंयकर बन सकती है।*

*श्रमशिखर के माध्यम से कचहरी में जिला पंचायत कार्यालय बनते हुए मुख्य विकास अधिकारी के भवन बनते हुए भी पार्किंग व्यवस्था का मुद्दा उल्लेखित किया गया था इस भवनों का अण्डरग्राउण्ड व ग्राउण्ड फ्लोर इसके लिए व्यवस्थित किया जा सकता था इस आरे ध्यान नही दिया गया। कचहरी परिसर के उत्तरी छोर पर एलेजेण्डर क्लब है। जिसमें खेल का मैदान व रेस्टोरेंट है। इसको निकट ही सीडीए के सामने खाली स्थान भेजा जा सकता है। यह स्थल छावनी बोर्ड अंतर्गत है। छावनी बोर्ड का सिविलियन्स क्षेत्र नगर निगम क्षेत्र में आना प्रस्तावित है। कॉलेज स्थल को खेल या अन्य कार्य हेतू इस्तेमाल कर नही पा रहा है। इस कॉलेज के पास वि०पार्क का भामाशाह पार्क खेल मैदान रूप में हैं इस अलेक्जेण्डर क्लब की भूमि का जिला प्रशासन व अदालती कार्य हेतू इस्तेमाल मिल जाये तो बेहरत पार्किंग व अधिकारिक अधिवक्ता चैम्बर भी उपलब्धता बढ़ सकती है।*

*– श्रम शिखर ब्यूरो*


श्रम शिखर

## शिक्षा



**मानवता के विकास हेतू जन-जन एवं छात्र/छात्राओं का विकास**

**सभी स्कूलों से निवेदन है कि, अपने छात्र/छात्राओं के स्वलिखित काव्य/लेख प्रकाशनार्थ भेजें/ हमारे यूट्यूब चैनल @shramshikhar पर वीडियों भी आमन्त्रित है**

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर सुलेख विकास

## लिखें मन की बात, देखेगी दुनिया

लिखावट आपको दिशा देती है, मन की बात सुलेख करें।

श्रम शिखर अखबार में जगह मिलेगीं। साथ ही प्रशस्ति-पत्र भी मिलेगा

नाम.............................................उम्र.......... पिता का नाम..............

मोबाइल न...............................पता..........................................

स्कूल का नाम...............................................विषय.....................

**यह करना आवश्यक होगा**

1. आपको किसी भी विषय पर साफ-सुथरे अक्षरों में खाली हिस्से पर लिखना है।
2. लिखने के बाद इस हिस्से को हमारे पते पर भेज दें या फोटो खींचकर व्हाट्सऐप करे दें।

**अपने लेख हमें सोमवार तक भेज दें**

**ध्यान योग्य मुख्य बातें**

1. हाथ से ही लिखें। हम इसकी जांच कर सकते है।
2. सामान्य नीले या काले पेन का उपयोग करें।
3. फोटो क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।
4. खबर के साथ अपना नाम, मोबा. पता, जरूर लिखें।
5. इसमें कोई भी हिस्सा लें सकता है।
6. सुलेख पर आखिरी फेसला हमारे सम्पादकों का होगा।

इस कटिंग की फोटो लेकर निम्न मोबा. पर व्हाटसऐप कर दें।
9219660359, 9675834737

पोस्ट के माध्यम से भी इस पतें पर भेज सकते है श्रम शिखर कार्यालय
श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ - 250001



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper :shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359
प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449, वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रमशिखर कार्यालय**

**मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049**

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760


मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनिता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



**इच्छाओं और जरूरतों का समाधान**

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



# MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

